# GOVT. NATIONAL COLLEGE, SIRSA

## राजकीयनैशनलमहाविद्यालय, सिरसा

**B++ Grade, NAAC Accredited**

**Website: gncsirsa.edu.in,**



# GOVT. NATIONAL COLLEGE, SIRSA

## Annual Sports Meet 2025

## 16-10-2025 & 17-10-2025

## Olympian Navjot Kaur Inaugurates GNC's 68th Annual Sports Festival

## Date: 16-10-2025

## First Day

The 68th Annual Sports Festival was inaugurated today at Government National College, Sirsa. Principal Prof. Harjinder Singh presided over the function. Bhim Award-winning Olympian and former captain of the Indian women's hockey team, Ms. Navjot Kaur, was the chief guest. Ms. Navjot Kaur is a prominent sports star, having represented the Indian women's hockey team at the Rio Olympics 2016 and Tokyo Olympics 2021, as well as being a part of the Indian women's hockey team from 2011 to 2023. As captain, Ms. Navjot Kaur led India to a gold medal in the 2023 Hockey 5s Asia Cup. In 2019, Ms. Navjot Kaur was honored with the Bhim Award, the highest state-level sports honor. It's worth noting that Ms. Navjot Kaur's mother-in-law, Mrs. Bhupinder Kaur, also played for the Indian women's hockey team at the Asian Games. Ms. Navjot Kaur was accompanied by her father-in-law, Sardar Randhir Singh, at today's ceremony. Prof. Surjit Singh Bhambhu, Dr. Rakesh Maria, and Dr. Krishna Gopal also attended as special guests. Ms. Navjot Kaur's presence elevated the grandeur of the sports event to its highest level. The entire sports event was organized under the able supervision of Dr. Baldev Singh, Head of the Sports Department. College Public Relations Officer, Prof. Ramesh Soni, stated that at the beginning of the program, under the able leadership of Dr. Sher Singh, Dr. Ashok Kumar, Dr. Bablesh Jhorang, and Dr. Bharti Sharma, all the sports participants, NCC cadets, and NSS volunteers welcomed the chief guest with a grand march past. Principal Prof. Harjinder Singh welcomed the chief guest and other guests present. Following this, Chief Guest Bhim Awardee Olympian Ms. Navjot Kaur delivered an energetic and inspiring address and hoisted the flag, inaugurating the 68th Sports Festival. All participants took an oath to abide by the rules and regulations of the game, play with integrity and honesty, and uphold the honor of the sport and the college. During the ceremony, college students, led by Mr. Gurpreet Singh, Brahmjeet Singh, and Rahul, presented captivating and captivating performances of Haryanvi dance and Punjabi Bhangra to honor the guests. On the first day of the sports festival, competitions were held in the 100-meter, 200-meter, and 400-meter races, high jump, long jump, triple jump, hammer throw, shot put, 400-meter relay race, javelin throw, and other events, as well as a 100-meter race for college staff members. Dr. Smriti Kamboj, Dr. Sakshi Mehta, Prof. Ramesh Soni, and Mr. Karmveer Kaushik handled the stage management. It is worth noting that in this

series of sports competitions, three-kilometer, five-kilometer, and ten-kilometer races were previously held on October 10th and 11th. In the 3-kilometer race for students, Lovepreet Kaur, Palak, Suman, and Sandeep Rani secured first, second, third, and fourth positions, respectively. In the 5-kilometer race for students, Sandeep Kumar, Praveen, and Rohit Sachdeva secured first, second, and third positions, respectively. In the 10-kilometer race for students, Rohit Sachdeva, Sandeep Kumar, and Dinesh secured first, second, and third positions, respectively. All winners were honored during the event. Rahul, a final-year BSc student, created an attractive photograph of Ms. Navjot Kaur and presented it as a memento. Ms. Narjot Kaur presented a memento to the college and the Head of the Sports Department, Dr. Baldev Singh, who also served as Ms. Navjot Kaur's coach. All college staff members played a commendable role in this grand event. On the evening of the first day of the event, Principal Prof. Harjinder Singh expressed his gratitude to all staff members, volunteers, and students for their significant contributions to the successful event.






GOVT. NATIONAL COLLEGE
SIRSA
68th Annual Athletic Meet




2
1
3


GOVT. NATIONAL COLLEGE
SIRSA
68th Annual Athletic Meet
Date: 16-17 October 2025
Venue: The College Sports Complex

## Govt. National College's Annual Sports Festival Concludes in a Grand Slam

## Date:- 17-10-2025

## Second Day

The annual sports festival at Government National College, Sirsa, inaugurated by former Indian women's hockey team captain, Bhim Awardee, and Olympian Navjot Kaur, concluded with a grand ceremony today. The ceremony was presided over by the college's acting principal, Professor Harvinder Singh. Mrs. Sudesh Kamboj, retired associate professor of physical education, attended as chief guest. Former principal Dr. Prem Kamboj, Principal of Girls College, Ranian, Dr. Banta Singh Bhola, Principal of Girls College, Sirsa, Dr. Shatrunjeet Singh, and Professor Ashok Dhillon of Government College, Mithi Surera, were present as special guests. Acting principal Professor Harvinder Singh formally greeted and welcomed the guests. The ceremony was organized under the able supervision of Dr. Baldev Singh, Head of the Department of Physical Education. The college's public relations officer, Professor Harvinder Singh, was also present. Ramesh Soni stated that on the second and final day of the sports competitions, the 800-meter race, discus throw, 100- and 200-meter final races, 400-meter relay race, skipping race, three-leg race, long jump, and a 100-meter race for college staff members were held. Dr. Manju Kamboj, Dr. Deepawali, and Dr. Karamjit Kaur secured first, second, and third places respectively in the women's 100-meter race. Sanjeev, Subhash, and Jaswant secured first, second, and third places respectively in the men's 100-meter staff race. Lakhwinder, Rajkumar, and Surendra secured first, second, and third places respectively in the non-teaching staff 100-meter race. The musical chair game, organized for college staff members, filled the event with enthusiasm and energy. Dr. Smriti Kamboj, Dr. Sakshi Mehta, Prof. Ramesh Soni, and Mr. Karmveer Kaushik expertly managed the stage. In his inspiring and energetic address, Dr. Sudesh Kamboj stated that sports not only provide physical strength but also mental, behavioral, and social skills and maturity. During the program, college students presented captivating and captivating performances of Haryanvi group dance and Punjabi Bhangra. Organizing Secretary Dr. Baldev Singh presented the annual sports report to the chief guest. Winners in various sports competitions were honored with garlands, certificates, and cash prizes. The contribution of all college staff members to the transparent and successful conduct of all competitions was commendable. Professor Surendra Kumar, Chair of the Economics Department, expressed his gratitude to the guests,

all staff members, and volunteers for the successful organization of the event, and congratulated all the winners. At the end of the program, Chief Guest Mrs. Sudesh Kamboj declared the event concluded with the flag lowering. The entire teaching and non-teaching staff of the college were present during the ceremony.

**Sports provide physical strength and mental maturity – Dr. Sudesh Kamboj**

**Some Glimpses of Sports meet :**






GOVT. NATIONAL COLLEGE
SIRSA
68th Annual Athletic Meet
Date: 16-17 October 2025
Venue: The College Sports Complex


Annual Athletic Meet
Date: 16-17 October 2025
Venue: The College Sports Complex







## Media Coverage:-

68वें वार्षिक खेलकूद समारोह का शुभारंभ भारतीय महिला हाकी टीम की पूर्व कप्तान नवजोत कौर भीम अवार्डी ओलिंपियन कौर

# जीएनसी के खेलकूद समारोह का आगाज

जागरण संवाददाता • सिरसा : राजकीय नेशनल महाविद्यालय के 68वें वार्षिक खेलकूद समारोह का शुभारंभ भीम अवार्डी ओलिंपियन भारतीय महिला हाकी टीम की पूर्व कप्तान नवजोत कौर ने किया। समारोह में नवजोत कौर के साथ उनके ससुर रणधीर सिंह भी उपस्थित रहे। खेल समारोह का आयोजन खेल विभागाध्यक्ष डा. बलदेव सिंह के कुशल संयोजन में हुआ।



दौड़ स्पर्धा में विजेता रहे प्रतिभागियों के साथ मुख्यातिथि ओलिंपियन नवजोत कौर, प्राचार्य प्रो . हरजिंद सिंह व अन्य • विज्ञप्ति




कार्यक्रम के दौरान संबोधित करती ओलिंपियन नवजोत कौर • विज्ञप्ति

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य प्रो. हरजिंदर सिंह, डा. शेर सिंह, डा. अशोक कुमार, डा. बबलेश झोरड़, डा. भारती शर्मा के नेतृत्व में सभी खेल प्रतिभागी, एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस स्वयंसेवकों ने मार्च पास्ट के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्यातिथि भीम अवार्डी ओलिंपियन नवजोत कौर ने ध्वजारोहण कर खेलकूद समारोह का शुभारंभ किया। सभी प्रतिभागियों ने खेल नियमों एवं मर्यादाओं की अनुपालना करने, निष्ठा व ईमानदारी से खेलने तथा खेल एवं महाविद्यालय का सम्मान बनाए रखने की शपथ ली।

समारोह के दौरान अतिथिगणों के सम्मान में गुरप्रीत सिंह, ब्रह्मजीत सिंह व राहुल के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने हरियाणवी नृत्य एवं भंगड़े की प्रस्तुतियां दी गई। खेलकूद समारोह के पहले दिन 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, हाई जंप, लांग जंप, ट्रिपल जंप, हैमर थ्रो, शाट पुट थ्रो, 400 मीटर रिले दौड़, जेवलिन थ्रो के साथ-साथ स्टाफ सदस्यों की 100 मीटर दौड़ करवाई गई। मंच संचालन डा. स्मृति कंबोज, डा. साक्षी मेहता, प्रो. रमेश सोनी व कर्मवीर कौशिक ने किया। छात्रों की 5 किलोमीटर दौड़ में संदीप कुमार, प्रवीण, रोहित सचदेवा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीएससी अंतिम वर्ष के छात्र राहुल ने नवजोत कौर का छायाचित्र बनाकर उन्हें स्मृति स्वरूप भेंट किया। प्राचार्य प्रो. हरजिंदर सिंह ने सभी स्टाफ सदस्यों स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों का सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

# तीन किमी की दौड़ में लवप्रीत कौर, 5 किमी में संदीप प्रथम

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय में वीरवार को 68वें वार्षिक खेलकूद समारोह का भव्य आगाज हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. हरजिंदर सिंह ने की। बतौर मुख्य अतिथि भीम अवॉर्डी, ओलंपियन और भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान नवजोत कौर ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। तीन किलोमीटर की दौड़ में लवप्रीत कौर ने बाजी मारी। वहीं, 5 किलोमीटर दौड़ में संदीप प्रथम रहा।

समारोह का सफल आयोजन महाविद्यालय के खेल विभागाध्यक्ष डॉ. बलदेव सिंह के कुशल संयोजन में किया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने जानकारी दी कि नवजोत कौर ने ध्वजारोहण कर खेलकूद समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने खेल भावना, निष्ठा, ईमानदारी और महाविद्यालय के सम्मान को बनाए रखने की शपथ ली। अतिथियों के स्वागत में विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी नृत्य और पंजाबी भंगड़ा की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। प्रस्तुतियों का नेतृत्व गुरप्रीत सिंह, ब्रह्मजीत सिंह और राहुल ने किया।

खेलकूद समारोह के पहले दिन 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मी दौड़, हाई जंप, लॉन्ग जंप, ट्रिपल जंप, हैमर थ्रो, शॉटपुट के मुकाबले हुए। इस मौके पर सरदार रणधीर सिंह भी उपस्थित रहे।

## ओलंपियन नवजोत कौर ने बढ़ाया खेल प्रतिभाओं का हौसला

## ये रहे परिणाम

**3 किलोमीटर दौड़**
- प्रथम : लवप्रीत कौर
- द्वितीय : पलक
- तृतीय : सुमन
- चतुर्थ : संदीप रानी

**5 किलोमीटर दौड़**
- प्रथम : संदीप कुमार
- द्वितीय : प्रवीण
- तृतीय : रोहित सचदेवा

**10 किमी दौड़**
- प्रथम : रोहित सचदेवा
- द्वितीय : संदीप कुमार

# खेल शारीरिक सुदृढ़ता एवं मानसिक परिपक्वता प्रदान करते हैं : सुदेश कंबोज

## नेशनल कालेज के वार्षिक खेल संपन्न नान-टीचिंग स्टाफ वर्ग की 100 मीटर रेस में लखविंदर

जागरण संवाददाता • सिरसा : राजकीय नेशनल महाविद्यालय में खेलकूद समारोह का शुक्रवार को समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य प्रो. हरविंदर सिंह ने की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा सुदेश कंबोज रही। प्रो. हरविंदर सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। समारोह का आयोजन शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डा. बलदेव सिंह के संयोजन में हुआ।

प्रतियोगिताओं के अंतिम दिन 800 मीटर रेस, डिस्कस थ्रो, 100 व 200 मीटर फाइनल रेस, 400 मीटर रिले रेस, स्किपिंग रेस, थ्री लैग रेस, लांग जंप के साथ-साथ महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों की 100 मीटर दौड़ करवाई गई। डा. मंजू कंबोज, डा. दीपावली व डा. कर्मजीत कौर ने महिला वर्ग की 100 मीटर दौड़ में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।



विभिन्न खेल स्पर्धाओं में विजेता रहे प्रतिभागी अपने सम्मान के साथ • विज्ञप्ति

संजीव, सुभाष एवं जसवंत ने पुरुष वर्ग की 100 मीटर स्टाफ रेस में क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। नान-टीचिंग स्टाफ वर्ग की 100 मीटर रेस में लखविंदर, राजकुमार एवं सुरेंद्र ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। डा. स्मृति कंबोज, डा. साक्षी मेहता, प्रो. रमेश सोनी एवं कर्मवीर कौशिक ने मंच कुशल संचालन किया।

डा. सुदेश कंबोज ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक सुदृढ़ता अपितु मानसिक, व्यावहारिक व सामाजिक कुशलता एवं परिपक्वता भी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्रों ने हरियाणवी समूह नृत्य एवं पंजाबी भंगड़े की प्रस्तुतियां दी। विभिन्न स्पर्धाओं में विजयी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।

# 100 मीटर रेस में डॉ. मंजू प्रथम, डॉ. दीपावली रही द्वितीय

## राजकीय नेशनल महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद समारोह, स्टाफ के लिए करवाई प्रतियोगिता

संवाद न्यूज एजेंसी

सिरसा। राजकीय नेशनल महाविद्यालय वार्षिक खेलकूद समारोह का शुक्रवार को समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य प्रो. हरविंदर सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रो. शारीरिक शिक्षा सुदेश कंबोज ने शिरकत की।

खेल प्रतियोगिताओं के दूसरे व अंतिम दिन में 800 मीटर रेस, डिस्कस थ्रो, 100 व 200 मीटर फाइनल रेस, 400 मीटर रिले रेस, स्किपिंग रेस, थ्री लैग रेस, लॉन्ग जंप के साथ-साथ महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों की 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया।

डॉ. मंजू कंबोज, डॉ. दीपावली व डॉ. कर्मजीत कौर ने महिला वर्ग की 100 मीटर रेस में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। संजीव, सुभाष एवं जसवंत ने पुरुष वर्ग की 100 मीटर स्टाफ रेस में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। नॉन-टीचिंग स्टाफ वर्ग की 100 मीटर रेस में लखविंदर, राजकुमार एवं सुरेंद्र ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के स्टाफ के लिए आयोजित म्यूजिकल चेयर गेम ने समारोह को उत्साह एवं ऊर्जा से सराबोर कर दिया। डॉ. स्मृति कंबोज, डॉ. साक्षी मेहता, प्रो. रमेश सोनी एवं कर्मवीर कौशिक ने मंच का कुशल संचालन किया। डॉ. सुदेश कंबोज ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक सुदृढ़ता अपितु मानसिक, व्यावहारिक व सामाजिक कुशलता एवं परिपक्वता भी प्रदान करते हैं।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम किए पेश

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्रों की ओर से हरियाणवी समूह नृत्य एवं पंजाबी भंगड़े की आकर्षक व मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. बलदेव सिंह की ओर से मुख्य अतिथि के समक्ष वार्षिक खेलकूद रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। विभिन्न वर्ग की खेल प्रतिस्पर्धाओं में विजयी खिलाड़ियों को पुष्पमाला पहनाकर, प्रमाण पत्र एवं नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। प्रो. सुरेंद्र कुमार ने आए हुए अतिथियों का आभार जताया।

कार्यक्रम

राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा के वार्षिक खेलकूद समारोह का भव्य समापन

# खेल शारीरिक सुदृढ़ता व मानसिक परिपक्वता प्रदान करते हैं: कंबोज

सिरसा केसरी न्यूज



**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा में आयोजित वार्षिक खेलकूद समारोह का आज भव्य समापन हुआ। समारोह का शुभारंभ भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान भीम अवार्डी व ओलंपियन नवजोत कौर ने किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य प्रो. हरविंदर सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर श्रीमती सुदेश कंबोज उपस्थित रहीं। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. बलदेव सिंह के कुशल संयोजन में आयोजित इस समारोह के अंतिम दिन 800 मीटर रेस, डिस्कस थ्रो, 100 व 200 मीटर फाइनल रेस, 400 मीटर रिले रेस, स्किपिंग रेस, थ्री लैग रेस, लॉन्ग जंप और स्टाफ सदस्यों की 100 मीटर दौड़ जैसे रोमांचक कार्यक्रम हुए। महिला वर्ग की 100 मीटर रेस में डॉ. मंजू कंबोज, डॉ. दीपावली और डॉ. कर्मजीत कौर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। पुरुष वर्ग की 100 मीटर स्टाफ रेस में संजीव, सुभाष और जसवंत ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। नॉन-टीचिंग स्टाफ वर्ग में लखविंदर, राजकुमार और सुरेंद्र ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान अर्जित किया। स्टाफ के लिए आयोजित म्यूजिकल चेयर गेम ने समारोह में उत्साह का संचार किया।

## विजयी खिलाड़ियों को किया सम्मानित



डॉ. बलदेव सिंह ने वार्षिक खेलकूद रिपोर्ट प्रस्तुत की। विजयी खिलाड़ियों को पुष्पमाला, प्रमाण पत्र और नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन डॉ. स्मृति कंबोज, डॉ. साक्षी मेहता, प्रो. रमेश सोनी और कर्मवीर कौशिक ने किया। इसके बाद अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र कुमार ने अतिथियों, स्टाफ सदस्यों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजा अवरोहण के साथ हुआ। इस दौरान महाविद्यालय का संपूर्ण टीचिंग व नॉन-टीचिंग स्टाफ मौजूद रहा।

## पंजाबी भंगड़े ने दर्शकों का मन जीता

छात्रों ने हरियाणवी समूह नृत्य और पंजाबी भंगड़े की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन जीता। मुख्य अतिथि श्रीमती सुदेश कंबोज ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक सुदृढ़ता प्रदान करते हैं, बल्कि मानसिक, व्यावहारिक और सामाजिक परिपक्वता भी विकसित करते हैं।